# संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की फिल्म वध 2

**बॉलीवुड** के जानेमाने चरित्र अभिनेता संजय मिश्रा और अभिनेत्री नीना गुप्ता की फिल्म वध 2, 06 फरवरी को रिलीज होगी. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स ने वध 2 की रिलीज़ डेट की घोषणा कर दी है, जिसमें संजय मिश्रा और नीना गुप्ता मुख्य भूमिका में नजर आएंगे. यह फिल्म 06 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

जसपाल सिंह संधू ने वध 2 को लिखा और निर्देशित किया है. यह फिल्म वध की तरह ही उसकी सोच और कहानी को आगे बढ़ाती है. इसमें नए किरदारों के ज़रिए भावनाओं और हालात को एक नई कहानी में दिखाया गया है. जसपाल सिंह संधू ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि वध 2, 06 फरवरी 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है. हमने इस कहानी को बहुत दिल से बनाया है जिससे यह दर्शकों को बांधे और सोचने पर मजबूर करे. मैं लव और अंकुर का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने इस कहानी पर भरोसा किया. अब मुझे इंतज़ार है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें, तो मिलते हैं सिनेमाघरों में, कहानी यहीं से आगे बढ़ेगी! निर्माता लव रंजन ने कहा, वध की खूबसूरती इस बात में है कि यह आम लोगों के विश्वास और उनके सामने आने वाली मुश्किल हालात को बहुत सचाई से दिखाती है, जो उनके ज़मीर और हिम्मत की परीक्षा लेते हैं. वध 2 में जसपाल ने इस सोच को और भी गहराई से दिखाया है, एक ऐसी कहानी के ज़रिए जो दिलचस्प भी है और सोचने पर मजबूर करने वाली भी. हमें बहुत खुशी है कि दर्शक इसे 06 फरवरी से बड़े पर्दे पर देख पाएंगे.



निर्माता अंकुर गर्ग ने कहा, वध हमारे लिए एक ऐसी यात्रा थी जैसी हमने पहले कभी नहीं की थी. यह एक ऐसी कहानी थी जिसने हमें हमारे कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकालकर एक गहरी, असली और अलग तरह की कहानी की दुनिया में ला खड़ा किया. दर्शकों का प्यार हमारे लिए बहुत कीमती था और इसने हमारे इस विश्वास को मजबूत किया कि अगर हम क्रिएटिव रिस्क लें, तो यादगार सिनेमा बनाया जा सकता है. वध 2 के साथ, हमने इस दुनिया को और आगे बढ़ाया है, इसमें नए लेयर, गहराई और इमोशन जोड़े हैं.

# पारुल गुलाटी ने कपिल शर्मा के साथ जुड़ने पर जताई खुशी

**अभिनेत्री** पारुल गुलाटी ने कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के साथ फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 में जुड़ने पर खुशी जताई है.

पारुल गुलाटी ने आधिकारिक रूप से अपनी अगली बड़ी फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 की घोषणा की है, जिसमें वह कपिल शर्मा के साथ नजर आने वाली हैं. यह फिल्म 15 दिसंबर को रिलीज़ होगी और पारुल के करियर का एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगी, क्योंकि यह इंडस्ट्री में 15 साल पूरे करने के बाद उनकी बॉलीवुड में पहली थिएट्रिकल रिलीज़ होगी,

पारुल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 15 लंबे साल इंडस्ट्री में बिताने के बाद, यह मेरी पहली थिएट्रिकल रिलीज़ है. देखो मां, मैं अब हिंदी फिल्म में बड़े पर्दे पर आने वाली हूं वो भी कपिल शर्मा के साथ! तैयार हो जाइए डबल कंफ्यूजन और चार गुना मस्ती के लिए!



पारूल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा,यह पल मेरे लिए बेहद खास और अविश्वसनीय है. सालों तक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स और भाषाओं में काम करने के बाद अब खुद को हिंदी फिल्म के बड़े पर्दे पर देखना और वो भी कपिल शर्मा जैसे प्यारे कलाकार के साथ वाकई भावुक कर देने वाला है. कॉमेडी एक ऐसा ज़ोन है जिसे मैंने पहले कभी एक्सप्लोर नहीं किया, इसलिए मैं उतनी ही नर्वस हूं जितनी एक्साइटेड. मैं कपिल शर्मा को बचपन से देखकर बड़ी हुई हूं, और अब उनके साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने के सच होने जैसा है.

# जानी-मानी एक्ट्रेसेस की लिस्ट में पूजा बत्रा का भी नाम शुमार

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस पूजा बत्रा उन चंद एक्ट्रेसेस में से हैं जिन्होंने मॉडलिंग से फिल्मों तक अपनी अलग पहचान बनाई. भले ही वह आज फिल्मों से दूर हैं, लेकिन उनकी ग्लैमरस झलक सोशल मीडिया पर हमेशा छाई रहती है. पूजा बत्रा का जन्म 27 अक्टूबर 1974 को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में हुआ था. उनके पिता रवि बत्रा भारतीय सेना में अधिकारी थे और मां नीलम बत्रा भी एक मॉडल रह चुकी हैं. शायद यही वजह रही कि पूजा को मॉडलिंग का जुनून बचपन से ही था.

उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई पंजाब में की और 18 साल की उम्र में मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा.साल 1993 में पूजा ने फेमिना मिस इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीता और मिस एशिया पैसिफिक में तीसरी रनर-अप रहीं. इसके बाद उन्होंने कई बड़े ब्रांड्स के साथ काम किया. पूजा वही मॉडल हैं जिन्होंने भारत में पहली बार 'हेड एंड शोल्डर्स' शैम्पू लॉन्च किया था. उन्होंने करीब 250 से यादा विज्ञापनों में काम किया, लेकिन उन्हें असली पहचान लिरिल साबुन के विज्ञापन से मिली, जिसमें उनकी मुस्कान और फ्रेश लुक आज भी लोगों को याद है.मॉडलिंग में नाम कमाने के बाद पूजा ने फिल्मों की ओर रुख किया. उन्होंने साल 1997 में अनिल कपूर स्टारर 'विरासत' से बॉलीवुड डेब्यू किया. फिल्म सुपरहिट रही और पूजा को तुरंत पहचान मिल गई.

इसके बाद वह चंद्रलेखा, आई हसीना मान जाएगी, मेघम, नायक और तलाश जैसी फिल्मों में नजर आई.



# मनीष पॉल एनर्जेटिक अंदाज़ में 'वन' की शूटिंग पर लौटे

**अपनी** जबरदस्त एनर्जी और बेहतरीन चार्म के लिए मशहूर मनीष पॉल दिवाली की छुट्टियों के बाद एक बार फिर अपनी अगली फिल्म 'वन' की शूटिंग पर लौट आए हैं.



मनीष पॉल ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर के ज़रिये शेयर करते हुए अपने दर्शकों तक पहुंचाई है. मनीष पॉल फिल्म वन में एक बेहद दिलचस्प और रहस्यमयी किरदार में नज़र आएंगे, जो हाल ही में रिलीज़ हुई सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में उनके निभाए गए किरदार से बिल्कुल अलग होगा.

बालाजी टेलीफिल्म्स की आगामी फिल्म 'वन' में मनीष पॉल के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया भी नज़र आएंगे. मनीष पॉल की दिवाली ब्रेक के बाद फिल्म सेट पर वापसी उनके दमदार करियर का एक और रोमांचक अध्याय साबित होने जा रही है.

# फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज

**बॉलीवुड** के जानेमाने चरित्र अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज हो गया है.

परेश रावल द्वारा अभिनीत, स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत तथा तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित द ताज स्टोरी, अपने धमाकेदार और सोचने पर मजबूर करने वाले ट्रेलर के चलते लगातार चर्चा में बनी हुई है. इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेश्याम हैं. फिलहाल रिलीज से पहले मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें परेश रावल के हाथ में न्याय का तराज़ू है, जिस पर ताज महल संतुलित है. इस फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ ने तैयार किया है. द ताज स्टोरी भव्य पैमाने पर 31 अक्टूबर 2025 को पूरे भारत में रिलीज़ होने जा रही है.



# कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन

**माइक्रोसॉफ्ट** छोड़कर अभिनय का रुख करनेवाली कुब्रा सैत को अपने पुराने दिन याद आ रहे हैं. कुब्रा सैत ने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था.

कुब्रा ने कुछ थ्रोबैक तस्वीरें साझा करते हुए लिखा,सन 2009ः

स्प्रेडशीट्स और सपनों के बीच कहीं मैंने माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी छोड़कर मुंबई जाने का फैसला किया.सब कहते थे, 'पोर्टफोलियो' चाहिए. पोर्टफोलियो यानी उस बड़े शहर का मानो जादुई टिकट.मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था. यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था. हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह.कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है.



# अब मैं पूरी तरह मम्मी बन गई हूं : परिणीति

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत फेज में हैं. हाल ही में उन्होंने अपने पति और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ बेटे का स्वागत किया है. 19 अक्टूबर को दोनों के घर किलकारियां गूंजीं और अब परिणीति ने सोशल मीडिया पर मां बनने के बाद पहली बार रिएक्ट किया है. ॉ

मां बनने के बाद परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बेहद फनी रिएक्शन शेयर किया, जिसने फैंस को खूब हंसाया. उन्होंने आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना अपना' का एक सीन पोस्ट किया, जिसमें आमिर पहले जोर-जोर से हंसते हैं और फिर अचानक रोने लगते हैं. वीडियो के आखिर में एक डायलॉग सुनाई देता है- खत्म, टाटा बाय-बाय. परिणीति ने इसी क्लिप पर लिखा- जब एहसास हुआ कि अब मैं पूरी तरह मम्मी बन चुकी हूं और सिर्फ प्रेग्नेंट नहीं हूं. इसके साथ उन्होंने दो हंसते हुए इमोजी भी लगाए.

कुछ दिन पहले परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्यारा नोट भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने सभी फैन्स, दोस्तों और शुभचिंतकों का धन्यवाद किया. उन्होंने लिखा था कि, हम हर एक संदेश पढ़ रहे हैं और आपके प्यार से बहुत खुश हैं. सबका आशीर्वाद हमारे लिए अमूल्य है.








# टाटा सिएरा नवंबर 2025 में होगी लॉन्च

**टाटा** सिएरा के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है! टाटा सिएरा एसयूवी कार भारत में नवंबर 2025 में लॉन्च होगी. हम लंबे समय से इस आइकॉनिक नेमप्लेट की वापसी का इंतजार कर रहे हैं और इसे कई बार टेस्टिंग के दौरान भी देखा जा चुका है. सिएरा को आईसीई और ईवी दोनों अवतार में पेश किया जाएगा, और सबसे पहले इस एसयूवी कार का आईसीई वर्जन लॉन्च होगा.

हमने आखिरी बार सिएरा को ऑटो एक्सपो 2025 में बिना किसी कवर के लगभग प्रोडक्शन के लिए तैयार कॉन्सेप्ट फॉर्म में देखा गया था, और यहां देखिए इससे जुड़ी हर वो बात जो हम जानते हैंः

**डिजाइन-** टाटा सिएरा आखिरकार फिर से वापसी कर रही है और यह ओरिजनल आइकॉनिक स्टाइल को बरकरार रखेगी, इसमें आज की एसयूवी कार की तरह कई मॉडर्न डिजाइन एलिमेंट्स भी मिलेंगे. सिएरा में आगे ग्लॉस-ब्लैक ग्रिल मिलेगी जिसके दोनों तरफ रेक्टांगुलर स्प्लिट एलईडी हेडलैंप्स मिलेंगे. इसका बंपर आकर्षक होगा और इसमें रफ-टफ लुक के लिए मोटी स्किड प्लेट मिलेगी.

साइड से एसयूवी वाला बॉक्सी सिल्हूट बरकरार रहेगा, जिसमें आइकॉनिक 'एल्पाइन विंडो' डिजाइन होगी. लेकिन इसमें ओरिजनल सिएरा की तरह सिंगल ग्लास पेन नहीं होगा, क्योंकि नई सिएरा चार दरवाजों वाली कार होगी. इसमें फ्लश डोर हैंडल और स्टाइलिश ड्यूल-टोन अलॉय व्हील भी मिलेंगे.

**केबिन और फीचर-** सिएरा के केबिन में टेस्ट मॉडल की तरह कनेक्टेड ट्रिपल-स्क्रीन लेआउट मिलेगा. इंफोटेनमेंट और पैसेंजर स्क्रीन ड्राइवर डिस्प्ले से बड़ी होगी. इसमें इलुमिनेटेड टाटा लोगो के साथ 4-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, ड्यूल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, पैसेंजर सनरूफ, वायरलेस चार्जर, आगे वेंटिलेटेड सीटें, और जेबीएल साउंड सिस्टम जैसे फीचर भी मिलेंगे.

# लॉन्च होगी कंपनी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी

**अपनी** पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति ई विटारा को भारत में लॉन्च करने की तैयारी में है. कंपनी ने इस मॉडल को पहली बार भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में प्रदर्शित किया था. लंबे इंतजार के बाद अब इस बहुप्रतीक्षित एसयूवी की लॉन्चिंग दिसंबर 2025 में तय की गई है. खास बात यह है कि मारुति ई विटारा को एक डेडिकेटेड इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, यानी यह किसी पेट्रोल या डीज़ल वेरिएंट का कन्वर्जन नहीं है, बल्कि शुरू से ही एक प्योर ईवी के रूप में डिजाइन की गई है.

**शानदार डिजाइन और मजबूत बिल्ड क्वालिटी-** नई मारुति ई विटारा का डिजाइन पारंपरिक मारुति स्टाइल के साथ एक मॉडर्न और फ्यूचरिस्टिक टच पेश करता है. एसयूवी का आकार इसे और भी आकर्षक बनाता है लंबाई 4275 मिमी, चौड़ाई 1800 मिमी, और व्हीलबेस 2700 मिमी है. इसका प्रोडक्शन गुजरात के हंसलपुर प्लांट में शुरू हो चुका है, जहां से मारुति कई ग्लोबल मॉडल्स का एक्सपोर्ट भी करती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने इस SUV के लिए बड़ा प्रोडक्शन टारगेट सेट किया है क्योंकि इसे 100 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट करने की योजना है.

**बैटरी ऑप्शन और रेंज-** मारुति ई विटारा दो बैटरी पैक विकल्पों में आएगी 49kWh और 61kWh. टॉप वेरिएंट एक बार चार्ज करने पर करीब 500 किलोमीटर की रेंज देने में सक्षम होगा, जो इसे अपने सेगमेंट की सबसे लंबी रेंज वाली एसयूवी बना सकता है. एसयूवी में फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी दी गई है, जिससे बैटरी को कम समय में 80% तक चार्ज किया जा सकेगा. कंपनी का दावा है कि मारुति ई विटारा शहर के ट्रैफिक और हाईवे दोनों कंडीशन में स्मूद और पावरफुल परफॉर्मेंस देगी.




# इलेक्ट्रिक वाहन से लंबी दूरी तय करना

**अब** इलेक्ट्रिक वाहनों का दौर आ चुका है और शहरों से लेकर हाईवे तक लोग इन्हें चलाते नजर आ रहे हैं. अब लंबी रेंज वाले मॉडलों के आने से लोग आराम से एक शहर से दूसरे शहर तक रोड ट्रिप कर रहे हैं. बस फर्क इतना है कि पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में ईवी से सफर करने के लिए थोड़ी तैयारी पहले से करनी पड़ती है.

**बैटरी रेंज बढ़ाने के स्मार्ट तरीके-** आपकी ड्राइविंग स्टाइल ईवी की रेंज पर सीधा असर डालती है. अगर आप एक तय स्पीड पर ड्राइव करते हैं, अचानक एक्सिलरेशन से बचते हैं और रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग का सही इस्तेमाल करते हैं, तो बैटरी ज्यादा देर तक चलेगी. कई नई ईवी में वन-पेडल ड्राइविंग फीचर भी दिया गया है यानी जैसे ही एक्सिलरेटर से पैर हटाते हैं, गाड़ी अपने आप स्लो हो जाती है और उसी दौरान बैटरी थोड़ी चार्ज भी हो जाती है.

**चार्जिंग स्टॉप पहले से करें प्लान-** चूंकि हर जगह पेट्रोल पंप की तरह चार्जिंग स्टेशन नहीं होते, इसलिए सफर शुरू करने से पहले रूट की अच्छी प्लानिंग जरूरी है. ऐसे स्थान चुनें जहां फास्ट चार्जिंग पॉइंट्स मिल सकें जैसे किसी मॉल, कैफे या टूरिस्ट स्पॉट के पास. साथ ही, 30-40 किलोमीटर की अतिरिक्त रेंज का बफर जरूर रखें. बड़े शहरों और हाईवे पर फास्ट डीसी चार्जर मिल जाते हैं, जो 20-30 मिनट में बैटरी को 80% तक चार्ज कर देते हैं.

### बैकअप चार्जिंग की तैयारी रखें

पब्लिक चार्जर हमेशा भरोसेमंद नहीं होते, खासकर छोटे शहरों में. इसलिए दो चार्जर साथ रखें एक नॉर्मल चार्जर जो कहीं भी प्लग हो सके और दूसरा फास्ट चार्जर ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत चार्ज कर सकें. अपनी गाड़ी की चार्जिंग स्पीड और समय का सही अंदाजा रखना भी जरूरी है.

**मौसम और रास्ते की हालत का असर-** अगर आपका रूट पहाड़ी या घाटी से गुजरता है, तो बैटरी की खपत बढ़ जाती है. एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि टायर प्रेशर सही रखें, वॉशर फ्लूड टॉप-अप करें और एक पोर्टेबल एयर फिलर साथ रखें. बहुत ठंड या गर्म मौसम में बैटरी परफॉर्मेंस घट जाती है.

# भारत में सबसे सस्ती हार्ले बाइक

**भारत** में जब भी हार्ले-डेविडसन, का नाम लिया जाता है, तो लोगों के दिमाग में महंगी और प्रीमियम बाइक्स की छवि बनती है. लेकिन अब कंपनी ने भारतीय बाजार में अपनी सबसे सस्ती बाइक हार्ले-डेविडसन एक्स 440 लॉन्च कर सभी को चौंका दिया है. यह बाइक Hero MotoCorp के साथ साझेदारी में तैयार की गई है और इसे खासतौर पर भारतीय राइडर्स की जरूरतों और बजट को ध्यान में रखते हुए बनाया गया

**कीमत और वैरिएंट्स-** X440 का सबसे सस्ता मॉडल हार्ले-डेविडसन एक्स 440 Denim है, जिसकी शुरुआती कीमत सिर्फ 2,39,500 (एक्स-शोरूम) रखी गई है. यही वजह है कि यह फिलहाल भारत में हार्ले-डेविडसन की सबसे किफायती बाइक बन गई है. महंगी हार्ले बाइक्स की तुलना में X440 एक ऐसी डील है जो स्टाइल, ब्रांड वैल्यू और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है.

**इंजन और परफॉर्मेंस-** हार्ले-डेविडसन एक्स 440 में 373cc का सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है जो 30 bhp की पावर और 30 Nm का टॉर्क जेनरेट करता है. इसमें 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स मिलता है जो स्मूथ शिफ्टिंग के साथ शानदार राइडिंग अनुभव प्रदान करता है.

**डिजाइन और फीचर्स-** एक्स 440 का डिजाइन क्लासिक हार्ले स्टाइल को बनाए रखते हुए बोबर लुक में तैयार किया गया है. बाइक में एलईडी हेडलैंप, एलईडी टेल लाइट, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर फ्रंट-रियर डिस्क ब्रेक जैसे फीचर्स दिए गए हैं. फ्रंट में 41mm टेलीस्कोपिक फोर्क और रियर में डुअल शॉक एब्जॉर्बर इसे भारतीय सड़कों पर आरामदायक राइडिंग के लिए परफेक्ट बनाते हैं.

**टायर और सस्पेंशन सेटअप-** एक्स 440 में फ्रंट पर 120/80-18 और रियर पर 150/70-17 टायर लगे हैं, जो इसे बेहतरीन ग्रिप और स्थिरता प्रदान करते हैं. इसका ग्राउंड क्लियरेंस 150mm और सीट हाइट 785mm है, जिससे यह लंबे और छोटे दोनों तरह के राइडर्स के लिए आरामदायक बनती है.

